**दूसरे देशों के साथ राजनयिक संबंध**

4666. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत के कितने देशों से राजनयिक संबंध हैं ;

(ख) उनमें से ऐसे कौन-कौन से देश हैं जहां इस समय राजदूत के पद रिक्त हैं; और

(ग) उक्त रिक्त पदों के लिये कब तक मनोनयन हो जाएगा ?

**विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुयार्डो फंलेरियो)** : (क) 168 देशों के साथ आवासी मिशनों अथवा पड़ौसी देशों से सह-प्रत्यायन के माध्यम से भारत के राजनयिक सम्बन्ध हैं ।

(ख) निम्नलिखित देशों में राजदूत का पद रिक्त है :—

| | |
|---|---|
| 1. बेलारूस | 2. कनाडा |
| 3. क्यूबा | 4. मिस्र |
| 5. इजराइल | 6. जापान |
| 7. कजाकिस्तान | 8. लाओस |
| 9. मारीशस | 10. नाइजीरिया |
| 11. सुडान | 12. स्वीडन |
| 13. संयुक्त राज्य अमरीका | 14. उजबेकिस्तान |
| | 15. यूगोस्लाविया |

(ग) निम्नलिखित देशों के लिए राजदूतों की नियुक्तियां कर दी गई हैं:—

| | |
|---|---|
| 1. बेलारूस | 2. मिस्र |
| 3. जापान | 4. कजाकिस्तान |
| 5. सुडान | 6. स्वीडन |
| 7. उक्रेन | 8. उजबेकिस्तान |

(ग) शेष देशों के लिए राजदूतों की नियुक्तियों की प्रक्रिया चल रही है ।

**पाकिस्तान द्वारा परमाणु बम बनाने की तकनीक का विकसित किया जाना**

4667. **श्री राम गोपाल यादव** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पाकिस्तान ने परमाणु बम बनाने की तकनीक विकसित करके परमाणु बम का पहले ही निर्माण कर लिया है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

**विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर. एल. भाटिया)**: (क) सरकार ने इस आशय की खबरें देखी हैं । पाकिस्तान के नाभिकीय कार्यक्रम के गुप्त और शस्त्रोन्मुखी स्वरूप के बारे में किसी तरह की कोई शंका नहीं है ।

(ख) सरकार ऐसी सभी घटनाओं पर निरन्तर निगाह रखती है जिनका हमारी सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता हो और उसकी रक्षा के लिए सभी तरह के उपयुक्त कदम उठाती है ।

**Ethnic problem in Sri Lanka**

4668. SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what is Government of India's policy towards the ethnic problem of Sri Lanka; and

(b) whether Government propose to abstain from any direct involvement in the solution of the problems?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI R. L. BHATIA): (a) and (b) The Government continues to support the legitimate aspirations of Tamils in Sri Lanka within the framework to the unity, territorial integrity and sovereignty of Sri Lanka. We support a negotiated political settlement that will include all Tamil groups who have eschewed vio-